# भारतीय नौसेना

**भारतीय नौसेना अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों से अग्निवीर {एमआर (संगीतकार)} - 02/ 2026 बैच के लिए ई-आवेदन पत्र आमंत्रित करती है**

**WWW.JOININDIANNAVY.GOV.IN**

**COMBAT READY COHESIVE AATMANIRBHAR – SAFEGUARDING SEAS FOR A VIKSIT SAMRIDDHA BHARAT**

## पात्रता शर्तें

1. अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवारों (जो भारत सरकार द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करते हैं) से अग्निवीर {एमआर (संगीतकार)} **-02/2026 (**जुलाई 2026**)** बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता मानदंड और व्यापक नियम और शर्तें नीचे दी गयी हैं। पुरुष और महिला उम्मीदवारों के पदानुसार वितरण का निर्णय नौकरी में रिक्तियों की आवश्यकता के अनुसार लिया जाएगा।

2. **शैक्षणिक योग्यताएं**. अभ्यार्थी द्वारा **मैट्रिक कक्षा** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड न्यूनतम 50% अंकों के साथ ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा उत्तीर्ण की हो।

3. **आयु**. उम्मीदवार का जन्म 01 जुलाई 2004 – 31 दिसंबर 2008 (दोनों तिथियां सम्मिलित) के बीच होना चाहिए।

4. **वैवाहिक स्थिति**. केवल भारतीय अविवाहित पुरुष और अविवाहित महिला उम्मीदवार ही भारतीय नौसेना में अग्निवीरों के रूप में भर्ती के पात्र हैं। उम्मीदवारों को नामांकन के समय 'अविवाहित' होने का प्रमाणपत्र देना होगा। अग्निवीर को भारतीय नौसेना में चार साल के कार्यकाल के दौरान शादी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यदि अग्निवीर अपने कार्यकाल के दौरान शादी कर लेता है या हस्ताक्षरित घोषणा पत्र देने के बावजूद पहले से ही शादीशुदा पाया जाता है तो उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

5. **संगीत संबंधी योग्यता** अभ्यार्थी के पास संगीत की दक्षता और योग्यता होनी चाहिए, जिसमे लय, सुर और एक पूरा गीत गाने की सटीकता हो। भारतीय या विदेशी मूल के किसी भी यंत्र पर वास्तविक व्यावहारिक कौशल भी होना चाहिये, जिसमे वाधयत्र की ट्यूनिंग, अज्ञात नोडस को वधयंत्र से मिलने, तैयार किए गए टुकड़े, भारतीय शास्त्रीय टेबलेट/ स्टाफ नोटेशन की दृष्टि पढ़ने, स्केल/ राग/ ताल/ और मूलभूत प्रदर्शन भारतीय या अंतरराष्ट्रीय संगीत का सिद्धान्त दक्षता हो।

6. **वाद्य यंत्रो के साथ जिस पर प्रवीणता चाहिए** उम्मीदवारों को कीबोर्ड/ स्ट्रिंग/ विंड इंस्ट्रूमेंट्स/ ड्रम किट (न्यूनतम 7 पीस सेट) या भारतीय/ विदेशी मूल के किसी अन्य साधन जैसे एक या अधिक उपकरणों पर विशेषज्ञता के साथ प्रदर्शन करने की आवश्यकता होगी।जज्ज ड्रम, बास, ड्रम, स्नेयर ड्रम, साइड ड्रम, झांझ, गैर-रंगीन यंत्र जैसे बिगुल और मोनोटोन यंत्र जैसे अनिश्चित पिच यंत्र पर प्रदर्शन करने वाले उम्मीदवार केवल एक नोट या ड्रोन का उत्पादन करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, **भर्ती के लिए पात्र नहीं होंगे।**

7. **संगीत अनुभव प्रमाणपत्र**

7.1 विंड इन्स्ट्रूमेंट्स पर हिंदुस्तानी या कर्नाटक साशत्रीय संगीत का प्रदर्शन करने वाले उम्मीदवारों को किसी भी मान्यता प्राप्त संगीत संस्थान या प्रतिष्ठित संगठन से संगीत अनुभव प्रमाण पत्र की जरूरत होगी।

7.2 वाद्य,यंत्रो पर पश्चिमी संकेतन या राष्ट्रीय या पश्चिमी प्रस्तुत करने वाले उम्मीदवारों के लिए ट्रिनिटी कॉलेज, लंदन या संगीत के रॉयल स्कूल, लंदन, वायु उपकरणों आदि जेसे अंतरराष्ट्रीय बोर्ड से न्यूनतम ग्रेड का प्रमाणपत्र अनिवार्य होगा।

7.3 अन्य उम्मीदवारों को विभिन्न प्रतियोगितों में शामिल/ पुरस्कार का प्रमाण पत्र देना होगा।

## नियम एवं शर्तें

8. **सेवा की अवधि**. अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में 'नौसेना अधिनियम 1957' के तहत चार साल की अवधि के लिए भर्ती किया जाएगा। अग्निवीरो की रैंक मौजूदा रैंकों से अलग होगी और भारतीय नौसेना में सबसे जूनियर रैंक होगी। भारतीय नौसेना चार साल की नियुक्ति के बाद अग्निवीरों को सेवा में रखने के लिए बाध्य नहीं है।

9. **अवकाश**. अग्निवीरों के लिए प्रतिवर्ष 30 दिन का अवकाश लागू होगा इसके अतिरिक्त सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी की चिकत्सीय सलाह के आधार पर चिकित्सा अवकाश लागू होगा।

10. **वेतन भत्ते एवं संबद्ध लाभ**. अग्निवीरों को एक निश्चित वार्षिक वेतन वृद्धि के साथ रुपये 30,000/- प्रतिमाह के पैकेज का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा जोखिम, कठिनाई, पोशाक और यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

11. **सेवा निधि**. सेवा की अवधि पूरी होने पर अग्निवीरों को वन टाइम सेवानिधि पैकेज दिया जाएगा, जिसमें उनके मासिक योगदान के साथ साथ सरकार द्वारा समान योगदान शामिल होगा, जैसा की नीचे दर्शाया गया है: -

| साल | अनुकूलित पैकेज (मासिक) | हाथ में (70 %) | अग्निवीर कॉर्पस फ़ंड में योगदान (30%) | सरकार द्वारा कॉर्पस फ़ंड में योगदान |
|---|---|---|---|---|
| | सभी आंकड़े रुपये में (मासिक अंशदान) | | | |
| पहला वर्ष | 30000 | 21000 | 9000 | 9000 |
| दूसरा वर्ष | 33000 | 23100 | 9900 | 9900 |
| तीसरा वर्ष | 36500 | 25550 | 10950 | 10950 |
| चौथा वर्ष | 40000 | 28000 | 12000 | 12000 |
| | | **कुल अग्निवीर कॉर्पस** | **5.02 लाख** | **5.02 लाख** |

**नोट. अग्निवीर ग्रेच्युटी और पेंशन संबंधी लाभों का हकदार नहीं होगा।**

12. **जीवन बीमा**. अग्निवीर को सेवा के दौरान 48 लाख रुपये का गैर-अंशदायी जीवन बीमा प्रदान किया जाएगा।

13. **मृत्यु मुआवजा**. रुपये 48 लाख के जीवन बीमा के अतिरिक्त अग्निवीर की सेवा करते हुये मृत्यु होने पर 44 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर के वारिश को प्रदान की जाएगी।

14. **विकलांगता मुआवजा**. 100/75/50 प्रतिशत विकलांगता के लिए क्रमशः 44/25/15 लाख रुपये की वन टाइम अनुग्रह राशि अग्निवीर को प्रदान की जाएगी।

**नोट**. मृत्यु/ विकलांगता मुआवजा के बारे मे अधिक जानकारी के लिए भारतीय नौसेना की आधिकारिक वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** देखें।

15. **नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में नामांकन**. चार साल की सेवा अवधि पूर्ण करने पर संगठन की आवश्यकताओं और भारतीय नौसेना द्वारा स्थापित नीतियों के आधार पर अग्निवीरों को भारतीय नौसेना में स्थायी नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। इन आवेदनों पर अग्निवीरों की चार साल की नियुक्ति अवधि के दौरान उनके प्रदर्शन के आधार पर आवेदनों पर केंद्रीकृत तरीके से विचार किया जाएगा और नौसैनिक (रेगुलर कैडर) के रूप में आगे की पुनः नियुक्ति के लिए प्रत्येक विशिष्ट बैच के अग्निवीरों में से 25% तक को ही नौसनिक (रेगुलर कैडर) के रूप मे नामांकित किया जाएगा। अग्निवीरों को भारतीय नौसेना के रेगुलर कैडर में नामांकन के लिए चुने जाने का कोई अधिकार नहीं होगा। रेगुलर कैडर में नामांकन भारतीय नौसेना के विवेक पर होगा।

16. **नौसेना पेंशन विनियम/ ग्रेच्युटी**. अग्निवीर नौसेना पेंशन विनियमों/नियमों (समय समय पर संशोधित) के प्रावधानों में शामिल नहीं होंगे इसके अतिरिक्त अग्निवीर नियुक्ति की अवधि के लिए ग्रेच्युटी के हकदार नहीं होंगे।

17. **स्वतःअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति**. अग्निवीरों को सेवा अवधि पूरी होने से पहले स्वतःअनुरोध से सेवा छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, कुछ अपवादात्मक मामलों में, इस योजना के तहत नामांकित अग्निवीरों को सक्षम प्राधिकारी के द्वारा स्वीकृत किए जाने पर सेवा से बाहर किया जा सकता है।

18. **भूतपूर्व सैनिक दर्जा**. अग्निवीर भूतपूर्व सैनिक दर्जे के पात्र नहीं होंगे।

19. **चिकित्सा और सी एस डी सुविधाएं**. अग्निवीर, नियुक्ति अवधि के दौरान सर्विस अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ सी एस डी प्रावधानों के भी हकदार होंगे।

## चयन मानदंड

**भर्ती प्रक्रिया का चयन संगीत क्षमता परीक्षण मे प्रदर्शन के आधार पर होगा।**

20. **शार्टलिस्टिंग**. **भर्ती प्रक्रिया के लिए उम्मीदवारों को शोर्ट्लिस्टिंग मैट्रिक परीक्षा में प्राप्त अंको 'के आधार पर की जायगी।** केवल वेध संगीत प्रमाण पत्रो (डिग्री/डिप्लोमा/ग्रेड/प्रीतियोगता प्रमाण पत्रो ) रखने वाले उम्मीदवारों को शार्टलिस्टिंग मे शामिल किया जायगा। जिन उम्मीदवारों को मेट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र में ग्रेड दिए गए हैं, उन्हे संबन्धित बोर्ड द्वारा अनुमोदित रूपान्तरण सूत्र के अनुसार अंकों में परिवर्तित करना होगा। है, आधिकारिक तौर पर घोषित रूपान्तरण सूत्र की प्रति भी अपलोड करनी होगी, अन्यथा इसके अभाव में उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। भर्ती प्रकिया के लिए उम्मीदवारों की शार्टलिस्टिंग अखिल भारतीय योग्यता के आधार पर की जायगी।

**नोट**- मैट्रिक में समान प्रतिशत वाले उम्मीदवारों के कारण शोर्ट्लिस्टि किए गए उम्मीदवारों की संख्या रिक्तियों से ज्यादा होने की स्थिति मैं, पहले जन्म वर्ष वाले उम्मीदवारों (यानी भर्ती के लिए कम संभावना वाले) को शोर्ट्लिस्टि किया जाएगा।

21. **भर्ती प्रक्रिया**. **चयनित अभ्यार्थियों को भर्ती प्रक्रिया के लिए कॉल-अप लेटर जारी किया जाएगा, जिसमे शारीरिक फ़िटनेस परीक्षण (पी एफ़ टी), लिखित परीक्षा, संगीत क्षमता परीक्षण ओर भर्ती चिकित्सा परीक्षा शामिल होगा।** पीएफ़टी, लिखित परीक्षा ओर संगीत योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण करने वालों को भर्ती चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा। भर्ती प्रक्रिया के लिए केंद्र आवंटन भारतिय नौसेना के विवेक पर होगा। भर्ती संभवत: जून 26 की शुरुआत मे आयोजित की जाएगी।

22. **शारीरिक मापदंड**. चयन के लिए शारीरिक दक्षता जांच (पी एफ टी) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शारीरिक दक्षता जांच में सम्मिलित होने वाले उम्मीदवार अपने जोखिम पर पी एफ टी मे सम्मिलित होंगे। शारीरिक दक्षता मानक इस प्रकार हैं :-

| लिंग | 1.6 कि.मी. दौड़ | उठक बैठक | पुश-अप | सिट-अप (घुटने मोड़कर) |
|---|---|---|---|---|
| पुरुष | 6 मिनट 30 सेकेंड | 20 | 15 | 15 |
| माहिला | 8 मिनट | 15 | 10 | 10 |

**सलाह**:- खेल, तैराकी और पाठ्येतर गतिविधियों में प्रावीणता वांछनीय है।

23. **लिखित परीक्षा.** पीएफटी में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों को एक ऑफलाइन लिखित परीक्षा देनी होगी जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (एमसीक्यू) होंगे, प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा। 50 में से 13 अंक या उससे अधिक (अर्थात 25% से अधिक) प्राप्त करने वाले सभी उम्मीदवारों को संगीत योग्यता परीक्षा (एमएटी) के लिए चुना जाएगा। लिखित परीक्षा केवल पीएफटी में उत्तीर्ण होने वाले उम्मीदवारों के लिए आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा का विवरण इस प्रकार है:-

23.1 प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न होंगे, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।

23.2 प्रश्न पत्र द्विभाषी (हिंदी और अंग्रेजी) वस्तुनिष्ठ प्रकार का (बहुविकल्पीय) होगा।

23.3 प्रश्न पत्र में दो खंड होंगे, अर्थात् विज्ञान और गणित तथा सामान्य ज्ञान।

23.4 प्रश्न पत्र का स्तर 10वीं कक्षा के पाठ्यक्रम के अनुसार होगा। परीक्षा के नमूना प्रश्न पत्र वेबसाइट **https://www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

23.5 परीक्षा की अवधि 30 मिनट होगी।

23.6 उम्मीदवारों को दोनों खंडों के साथ-साथ कुल अंकों में भी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। भारतीय नौसेना प्रत्येक खंड और कुल अंकों में उत्तीर्ण अंक निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

24. **संगीत क्षमता परीक्षण**. पीएफटी और लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले सभी उम्मीदवारों को संगीत योग्यता परीक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। उम्मीदवार का अंतिम चयन संगीत क्षमता परीक्षण मे प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

25. **भर्ती चिकित्सा परीक्षा**. संगीत क्षमता परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों का भर्ती चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा। **वे उम्मीदवार जो भर्ती चिकित्सा परीक्षा में चिकित्सकीय रूप से अयोग्य पाये जाते है, यदि वे चाहें तो अधिकतम 05 दिनों के भीतर भारतीय नौसेना द्वारा आवंटित सैन्य अस्पताल में इसके निष्कर्षों की समीक्षा के लिए अपील कर सकते हैं। नामित सैन्य अस्पतालों (भारतीय नौसेना द्वारा आंवटित) के अलावा अन्य अस्पतालों द्वारा जारी चिकित्सा दक्षता प्रमाण पत्र पर विचार नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञ द्वारा अयोग्य घोषित करने पर आगे कोई समीक्षा / अपील की अनुमति नहीं दी जाएगी।**

26. **मेरिट लिस्ट**. पी एफ़ टी, लिखित परीक्षा और भर्ती चिकित्सा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को अंतिम मेरिट सूची के संकलन के लिए सामील किया जाएगा। अंतिम मेरिट सूची संगीत क्षमता परीक्षण मे प्रदर्शन के आधार पर होगी ओर अखिल भारतीय आधार पर इसका अनुपालन किया जाएगा। मेरिट सूची जुलाई 26 के शुरू तक वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उम्मीदवारों के डैशबोर्ड पर प्रकाशित की जाएगी।

27. **अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा**. सभी चयनित उम्मीदवारों की अंतिम भर्ती चिकित्सा परीक्षा भा.नौ.पो. चिल्का, ओड़ीशा में आयोजित की जाएगी, बशर्ते भर्ती के लिए उम्मीदवार को अंतिम चिकित्सा परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

28. **चिकित्सा मानक**.

28.1 वर्तमान भर्ती प्रक्रिया के लिए निर्धारित चिकित्सा मानक के अनुसार अधिकृत सैन्य डाक्टरों द्वारा चिकित्सा परीक्षा आयोजित की जाएगी।

28.2 **लिंग**. यदि किसी भी उम्मीदवार में शारीरिक जांच के दौरान विपरीत लिंग के लक्षण पाये जाते हैं, तो उसे अयोग्य घोषित करके उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऐसे किसी भी उम्मीदवार, जिसने लिंग-पुनर्मूल्यांकन सर्जरी कराई हो, को अयोग्य घोषित किया जाएगा।

28.3 **गर्भावस्था**. यदि कोई महिला उम्मीदवार गर्भवती पायी जाती है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। किसी भी महिला उम्मीदवार को रिपोर्टिंग के समय या चार साल के कार्यकाल के समापन तक गर्भ धारण नहीं करना चाहिए। यदि उम्मीदवार चार साल के कार्यकाल के दौरान गर्भवती पायी जाती है तो बर्खास्तगी/ निस्कासन के लिए उपयुक्त कारवाई की जाएगी

28.4 **नयूनतम ऊंचाई मानक**. न्यूनतम उचाई पुरुष और महिला उम्मीदवारों के लिए 157 से.मी. होगी।

28.5 **टैटू**. स्थायी टैटू केवल कोहनी से नीचे अंदर कि तरफ होने चाहिए जैसे कोहनी से मुट्ठी तक अंदर कि तरफ और हथेली के पीछे। शरीर के किसी अन्य भाग पर स्थायी टैटू स्वीकार्य नहीं है और आवेदक को भर्ती में शामिल नही किया जाएगा।

28.6 उम्मीदवार अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में होना चाहिए और ऐसी किसी बीमारी/ अपंगता से मुक्त होना चाहिए, जो कि शांति और युद्ध दोनों समय में तट पर तथा समुद्र मे कर्त्वय के सफल निष्पादन में हस्तक्षेप करती हो।

**नोट:**-1. अभ्यार्थी को सलाह दी जाती है कि परीक्षा से पहले अपने कानों की वैक्स और दाँतो से टार्टर साफ करके आयें।

2. विभिन्न क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए ऊंचाई में छूट संबंधित नियम वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

जनशक्ति नियोजन एवं भर्ती निदेशालय

नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली

29. **दृष्टि मानक.**

| असंशोधित दृष्टि | सही दृष्टि | रंग धारणा |
|---|---|---|
| 6/12, 6/12 | 6/6, 6/6 | CP Pass |

**प्रशिक्षण**

30**. प्रशिक्षण**. पाठ्यक्रम के लिये प्रशिक्षण जुलाई 2026 भा.नौ.पो. चिल्का, उड़ीशा में प्रारम्भ होगा।

31.**अनुपयुक्त होने पर निकाला जाना**. अग्निवीरों को प्रशिक्षण और सेवा के दौरान किसी भी समय असंतोषजनक प्रदर्शन/ कार्य करने पर सेवा से बर्खास्त किया जा सकता है।

**चयन प्रक्रिया**

32. आवेदन केवल ऑनलाइन आवेदन-पत्र साइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर कर सकते हैं और सभी मौलिक दस्तावजों को स्कैन करके अपलोड करें। डाक द्वारा भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएगे। चयन प्रक्रिया इस प्रकार होगी:-

32.1 ऑनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गये दस्तावेजों की जांच और सत्यापन होगा।

32.2 पात्र अभ्यर्थियों के लिए भर्ती प्रक्रिया की तिथि, समय ओर स्थान दर्शाते हुये कॉल-अप लेटर के साथ एड्मिट कार्ड (CLACs) 10 May 26 तक वेबसाइट पर अपलोड कर दिये जाएंगे। अभ्यर्थियों को आधिकारिक वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** से CLACs डाऊनलोड करना होगा। कॉल-अप-लेटर कम एड्मिट कार्ड डाक द्वारा नहीं भेजे जाएंगे ।

32.3 सभी मूल संगीत प्रमाणपत्र, अंकतालिका और मूल निवास प्रमाण पत्र (जो आवेदन पत्र भरते समय अपलोड किए गये हैं) भर्ती प्रक्रिया के समय प्रस्तुत करने होंगे। यदि आनलाइन आवेदन भरते समय उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गये दस्तावेज़ मूल दस्तावेजों से भिन्न पाये गये तो पात्रता निरस्त कर दी जाएगी।

32.4 मूल निवास प्रमाण-पत्र, लिंग और अन्य विवरण गलत घोषित करने वाले उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

32.5 सभी चयनित उम्मीदवारों को भा.नौ.पो. चिल्का, ओड़ीशा में अंतिम चिकित्सा परीक्षा से गुजरना होगा।

32.6 चिल्का मे प्रवेश के लिए कॉल प्रत्र जारी किए गए सभी उम्मीदवारों को अपने संबधित क्षेत्र अधिकार पुलिस अधीक्षक पुलिस सत्यापन प्रारूप/ऑनलाइन पुलिस सत्यापन प्रारूप आवश्यक है। केवल वे उम्मीदवार जोसंबन्धित पुलिस अधीक्षक द्वारा विधिवत सत्यापित पुलिस सत्यापन फोरम जमा कराते है, उनका नामांकन किया जाएगा। सत्यापित पुलिस सत्यापन रिपोर्ट के बिना उम्मीदवार के लिए पात्र नही होगे |

32.7 चयनित अभ्यार्थियों की पात्रता केवल वर्तमान बैच के लिये वैध है। सफल अभ्यार्थी, जिनका नाम अंतिम चयन सूची में नहीं होता है, अगले बैच में भर्ती का दावा नहीं कर सकते। उन्हे अगले बैच की चयन प्रक्रिया में फिर से गुजरना होगा, बेशर्ते की वे अगले बैच की पात्रता मानदंड को पूरा करते हों।

32.8 **भर्ती/प्रवेश के संबंध में कोई भी पूछताछ 6 महीने के बाद स्वीकार नहीं की जाएगी**।

**आवेदन कैसे करे**

33. आवेदक इस भर्ती के लिए वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर **11 से 26 अप्रैल 2026** तक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन प्रक्रिया वैबसाइट **www.joinindiannavy.gov.in** पर उपलब्ध है।उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है की ऑनलाइन आवेदन भरते समय सही विवरण भरें। ऑनलाइन आवेदन में उम्मीदवार द्वारा कोई भी सुधार ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि से पहले करना होगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद कोई भी सुधार या अपडेट संभव नहीं होगा। उम्मीदवारों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में भरा गया विवरण अगर भर्ती के किसी भी चरण में गलत पाया जाता है तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। ऑनलाइन आवेदन-पत्र की छानबीन की जाएगी और इसे किसी भी समय अनुपयुक्त पाये जाने पर बिना कारण बताये रद्द किया जा सकता है। आवेदन पत्र कॉमन सर्विस सेंटर (सी.एस.सी) से पूरे देश में (60 रुपये + जी.एस.टी) के निर्धारित मूल्य पर भर सकते हैं । यह सुविधा पूर्ण रूप से वैकल्पिक हैं ।

34. **फोटोग्राफ**. पासपोर्ट आकार का हालिया रंगीन फोटोग्राफ (मार्च 26 से पहले नहीं लिया गया हो) 10 केबी से 50 केबी साइज़ तक तथा बिना सर ढके (सिखों के अतिरिक्त) हल्की पृष्ठ भूमि में सामने का चित्र होना चाहिए। उम्मीदवार को अपने सीने के सामने एक काली स्लेट पकड़े हुए जिसपर उम्मीदवार का पूरा नाम औए फोटो लेने की तारीख स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में सफ़ेद चाक से लिखी होनी चाहिए। अपलोड की गयी फोटोग्राफ की तुलना में उम्मीदवार की उपस्थिती में परिवर्तन जैसेकी बढ़ती हुई दाढ़ी, सर पर टोपी आदि होने पर उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

35. **आवश्यक सूचना**.

35.1 परीक्षा परिसर के अंदर मोबाइल फोन या किसी भी अन्य संचार उपकरणो की अनुमति नहीं है। इन निर्देशों के किसी भी उल्लंघन से अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसमें भविष्य की परीक्षा से प्रतिबंध शामिल होगा।
35.2 उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि का इंतज़ार किए बिना समय पर आवेदन करने की सलाह दी जाती है।
35.3 किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा परिसर में आज्ञा की अवहेलना और गलत व्यवहार नहीं करना है।इसके परिणाम स्वरूप अयोग्यता होगी।
35.4 उम्मीदवारों को कई आवेदन करने से बचना होगा, यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक आवेदन करता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।
35.5 लिखित परीक्षा और भर्ती के प्रत्येक स्तर में प्रवेश के लिए या उम्मीदवार की योग्यता के लिए भारतीय नौसेना का निर्णय अंतिम होगा।
35.6 **स्थायी निवास प्रमाण पत्र संबन्धित गलत सूचना देने पर, भर्ती के किसी भी चरण में, प्रशिक्षण और उसके बाद भी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि – 26 अप्रैल 2026**

**चेतावनी**

**दलालों/ धोखेबाजों/ असामाजिक तत्वों से सावधान**

नौसेना भर्ती संगठन के अधिकारियों के साथ संबंध होने का दावा करने वाला कोई भी व्यक्ति, अभ्यार्थी को भर्ती करवाने का वादा कर सकता है और इसी बहाने वो पैसा भी वसूल सकता है। **हम यह दावे के साथ कहना चाहेंगे कि ऐसा कुछ भी संभव नही है। दलालों के किसी भी तरह से उत्पीड़न करने पर एफआईआर दायर करें और पुलिस से संपर्क करें**। सभी आवेदको को नौसेना मुख्यालय (रक्षा मंत्रालय) द्वारा कॉल-अप-लैटर और प्रवेश-पत्र जारी किये जाते है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन, परिणाम की घोषणा, शारीरिक स्वस्थता जांच और डॉक्टरी जांच नौसेना मुख्यालय (रक्षा मंत्रालय) द्वारा नामित की गई विभिन्न स्वतंत्र टीमों द्वारा की जाती है। किसी दलाल के झांसें में आने से पहले अच्छी तरह सोंचे। यदि आप सोचते है कि गैर-कानूनी ढंग से काम करायें जा सकते है तो आपको कुछ भी हासिल नहीं होगा। आपको सलाह दी जाती है कि आप देश के कानून का पालन करने वाले नागरिक की तरह आचरण करें और अनुचित साधनों का प्रयोग करने से बचे। **नौसेना में भर्ती पूर्णतः न्यायपूर्ण है।**

**अस्वीकरण**

विज्ञापन में दिये गये नियम और शर्तें केवल दिशा-निर्देश है और बिना किसी सूचना के परिवर्तन के अधीन हैं। इसके अलावा सरकार द्वारा जारी संसोधित आदेश जो समय-समय पर बदलते रहते है, चयनित उम्मीदवार पर लागू होंगे।

ऑनलाइन आवेदन के लिए क्यू आर कोड को स्कैन करें।

जनशक्ति नियोजन एवं भर्ती निदेशालय

नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली